किसान आत्महत्या कर रहे, शिवराज बाडिंग पर करोड़ों लुटा रहे

✷ नाथ सिंधिया दिग्गी ने शिवराज पर साधा निशाना

भोपालए 7 अगस्त (ए) मप्र कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सोमवार को किये ट्वीट

पहला ट्वीट- क्यों प्रदेश में खेती घाटे का धंधा बनीघ् क्यों आप किसानो को खेती छोडने की सलाह दे रहे हैं किसानों का कर्ज़ माफक्यों नहीं हुआ।

दूसरा ट्वीट- शिवराज जी आप तो किसान पुत्र हैं आपने तो खेत.खलिहान.पगडंडी सब देखे हैंए फिर क्यों सबसे अधिक किसान आपके राज में आत्महत्या कर रहे हैं क्यों किसानों के सीने पर गोलियां दागी गईघ् क्यों दोषियों को क्लीनचिट दे दी गईघ्

तीसरा ट्वीट रू ब्रिज्ञापन में तो दिखे विकासए और मैदान में भूख प्यास्य शिवराज सिंह चौहान 30 में से 25 दिन मध्य प्रदेश के अखबारों में अपनी फोटो छपवाते हैं और हर महीने 300 करोड़ रुपए खर्च करते हैंए अब मध्य प्रदेश की जनता विज्ञापनों को देखकर गुमराह नहीं होने वाली है।

मध्यप्रदेश चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष और गुना सांसद सिंधिया ने शिवराज सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने ट्वीटर के माध्यम से सरकार पर तीखे वार किए है और मुख्यमंत्री शिवराज से पूछा है कि आखिर नौकरियां कहां है। सिंधिया ने ट्वीट के माध्यम से शिवराज सरकार पर निशाना साधा है और लिखा है कि मप्र का हाल बेहालए प्रति दिन 2 लाख नौकरियां उतपन्न करने का वादा किया थाए लेकिन पिछले 14 सालो में केवल 17ए600 बेरोजगार लोगों को नौकरी दे पाई। 2017 में 1750 युवा को नौकरी मिली! नतीजा .2 सालों में बेरोजगारी में 53 प्रतिशत वृद्धि! ये क्या हो रहा शिवराज जीघ्

व्यापमं घोटालाए अवैध उत्खनन में शिवराज का पूरा परिवार शामिल

जबलपुर में पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान अवैध रेत खनन और व्यापम घोटाला मामले में पूरी तरह से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के शामिल होने का आरोप लगाया है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा के दौरान उन्होंने कई स्थानों पर अवैध रेत खनन होते देखा। इसमें नरसिंहपुर के एक मंत्री और जबलपुर की एक विधायक भी शामिल हैं। इस अवैध रेत खनन में सीएम के साथ पूरी बीजेपी शामिल है। व्यापमं घोटाले में पूरी तरह से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह और उनका पूरा परिवार शामिल है। रेत अवैध खनन ए पोषण आहार और ई टेंडरिंग में सीएम और उनका पूरा परिवार शामिल है। राफेल मामला में भी दिग्गविजय सिंह ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। यूपीए सरकार के द्वारा तैयार प्रस्ताव को पीएम मोदी ने नियमों के विरुद्ध बिना वित्त मंत्रालय कीसहमति से फ्रंस सरकार से सौदा कर लिया। एक हवाई जहाज पर सरकार 9 सौ से एक हजार करोड़ अधिक क्यों दे रही है इसका जवाब नहीं है पीएम के पास।

राज्यमंत्री द्वारा अशोका गार्डन में विकास कार्यो का निरीक्षण

भोपाल 7 अगस्त (ए) सहकारिता भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास राज्य मंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध विश्वास सारंग ने आज अशोका गार्डन क्षेत्र की बस्तियों में विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अशोका गार्डन में विवेकानंद विचार वीथिका ;पार्कद्ध और ल्यू अशोका गार्डनए एकतापुरी आदि बस्तियों में आदर्श ड्रेनेज सिस्टम के अंतर्गत बनाई जा रही नालियों के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के साथ तय समय.सीमा से पहले निर्माण कार्य पूरे किये जाऐं। स्थानीय जन.प्रतिनिधि और नागरिकगण भ्रमण के दौरान मंत्री सारंग के साथ थे।

बदनावर और खालवा उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजा स्वीकृत

0 सिंचाई परियोजनाएं समय सीमा में पूरी करें- मुख्यमंत्री

भोपाल7 अगस्त (ए) मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई नर्मदा नियंत्रण मंडल की बैठक में बदनावर और खालवा उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। धार जिले में एक हजार 520 करोड़ 92 लाख रुपये लागत की बदनावर उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना से 50 हजार हेक्टेयर में तथा खण्डवा जिले में एक हजार 103 करोड़ 28 लाख रुपये लागत की खालवा उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना से 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी।

मुख्यमंत्री चौहान ने निर्देश दिये कि सिंचाई परियोजनाएँ समय.सीमा में पूरी की जायें और निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं की लगातार मॉनीटरिंग की जाये। बैठक में बताया गया कि योजना में धार जिले के ग्राम निम्बोला के समीप से नर्मदा नदी के पानी उद्वहन किया जायेगा। बदनावर उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना से बदनावर तहसील के 101 तथा धार तहसील के 24 ग्रामों इस प्रकार कुल 125 ग्रामों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। योजना में किसानों को प्रेशराइज्ड माइक्रो एरीगेशन प्रणाली से सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

बैठक में बताया गया कि खालवा उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना से खण्डवा जिले की खालवा तहसील के 147 ग्रामों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। इसके लिये इंदिरा सागर परियोजना के जलाशय से जल उद्वहन किया जायेगा। योजना में किसानों को प्रेशराइज्ड माइक्रो एरीगेशन प्रणाली से सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। बैठक में सीहोर जिले के ग्राम कुसुमखेड़ा में नर्मदा नदी के दांये तट पर घाट निर्माण की स्वीकृति दी गयी।

बैठक में वित्त मंत्री जयंत मलैयाए जल संसाधन मंत्री डॉण् नरोत्तम मिश्राए ऊर्जा मंत्री पारस जैनए नर्मदा घाटी विकास राज्यमंत्री लाल सिंह आर्यए नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष राकेश साहनीए मुख्य सचिव बीणपीण् सिंहए अपर मुख्य सचिव नर्मदा घाटी विकास रजनीश वैश्यए प्रमुख सचिव वित्त अनुराग जैनए प्रमुख सचिव ऊर्जा आईण्एसीण्पीण् केसरीए प्रमुख सचिव लोकनिर्माण मोहम्मद सुलेमानए मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव एसण्के मिश्रा भी उपस्थित थे।

भोपाल में सावन के दूसरे सोमवार को बिडला मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना करती महिलाएं।

कांग्रेस ने मनरेगा और राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन योजना गरीबों के लिए ही बनाई थी

शिवराज सरकार ने इन योजनाओं में घोटाला कर गरीबों का हक छीनाः नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह

भोपाल 7 अगस्त (ए) नेता प्रतिपक्ष सिंह ने कहा कि अचानक गरीबों के हितैषी बने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भूल गए की मनरेगाए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन तथा खाद्य सुरक्षा योजना कांग्रेस की सरकार ने लागू की जो गरीबों के लिए ही थी। जिसमें शिवराज सरकार ने करोड़ों का घोटाला कर गरीबों का हक छीना है।

नेता प्रतिपक्ष सिंह ने कहा कि सारी मान मर्यादा और नैतिकता को ताक पर रखकर जन.आशीर्वाद यात्रा निकाल रहे मुख्यमंत्री झूठ बोलने और तथ्यों को छुपाने में प्रधानमंत्री मोदी से भी आगे निकलने जा रहे है। सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के गरीब हितैषी होने पर सवाल करते हुए शिवराज जी भूल जाते है कि रोजगार गारंटी योजना कांग्रेस की ही देन है। इस योजना के जरिए शिवराज सरकार ने इस राशि का मनमाना उपयोग किया है। इसमें घोटाले कर लाभ गरीबों को नहीं मिलने दिया। सिंह ने कहा कि यही नहीं केंद्र में भाजपा सरकार आने पर मनरेगा में दी जाने वाली मजदूरी के करोड़ों रुपये केंद्र ने रोक दिए तब शिवराज जी की हिम्मत नहीं हुई की वे इन गरीबों के हक की राशि देने के लिए मोदी सरकार से बात भी कर सके। सिंह ने कहा कि मनरेगा राशि से ही ग्रामीण क्षेत्रों में भवनए सड़क के निर्माण हुए जिसे अपना विकास बताकर मुख्यमंत्री वाहवाही लूट रहे है।

नेता प्रतिपक्ष सिंह ने कहा कि यही नहीं राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन लागू कर आज गांव.गांव में जो स्वास्थ्य व्यवस्थाएं और सुविधाएं पहुंची है वह भी यूपीए सरकार की देन है। इसी तरह खाद्यान सुरक्षा योजना भी यूपीए सरकार की ही देन है। जिसे मुख्यमंत्री अपनी योजना बताकर 1 रुपये किलो गेहूंए चावल गरीबों को देकर मुफ्त का यश लूट रहे हैं।

भोपाल की होटल में महिला अधिकारी के साथ बलात्कार

भोपाल 7 अगस्त (ए) उत्तर प्रदेश के नोएडा में पदस्थ वाणिज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर पंकज सिंह ने कथित रूप से भोपाल के भदभदा रोड स्थित एक होटल में रुकी महिला अधिकारी से बलात्कार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पीड़ित महिला गत दो अगस्त की रात भोपाल के होटल में रुकी थी। आरोपी ने वहां पहुंचकर उसके साथ जबर्दस्ती की। अगले दिन उसे दिल्ली जाना था लेकिन आरोपी ने धमकी देकर उसे दिल्ली भी नहीं जाने दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक रविवार रात को पंकज सिंह का फोन आया। उसने महिला के होटल का पता पूछा। पता जानने के बाद आरोपी ने फोन काट दिया। रात करीब 12 बजे पंकज सिंह होटल पहुंच गया और दरवाजा खटखटाया। महिला ने जैसे ही कमरे का दरवाजा खोला आरोपी कमरे में दाखिल हो गया। आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर दुष्कर्म किया।

नेता प्रतिपक्ष सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री चुनावी दिनों में गरीबों को याद न करें। उनके बहकावे में अब प्रदेश का कोई भी वर्ग नहीं आयेगा चाहे वे कितना भी झूठ क्यों न बोलें।

बालिकाओं के सम्मान हेतु सुरक्षित घर सुरक्षित बाहर जन जागरुकता कार्यशाला संपन्न

भोपाल 7 अगस्त (ए) शाहजहानाबाद स्थित पुरानी अदालत के सभा हॉल में आज चांदवड परियोजना एकीकृत बाल विकास विभाग के तत्वाधान में आयोजित की गई इस अवसर पर रेलवे चाइल्ड लाइन के द्वारा फिल्म प्रदर्शन की गई और परियोजना अधिकारी श्रीमती शिवा खरे श्रीवास्तव ने बताया कि बालिकाओं को सुरक्षित माहौल मिलना चाहिए और बालिकाओं के प्रति हिंसा अभद्रता और असमान व्यवहार नहीं करना चाहिए इस अवसर पर चाइल्ड लाइन के श्री जोशी ने बैड टच और गुड टच के बारे में महिलाओं को बताया कार्यक्रम में थाना प्रभारी शाहजहानाबाद श्री उदय सिंह मैं सुरक्षा के बारे में विभिन्न जानकारी दी और कहा कि अपराध हमारे परिचितों द्वारा किया जाता है उन पर जरूर ध्यान दें छोटी बच्चियों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने में परिवार की अहम भूमिका रहती है कार्यक्रम में श्री सुनील दुबे स्वच्छ और स्वास्थ्य रहने के आने के टिप्स बताएं और अनेकों महत्वपूर्ण जानकारी दी इस अवसर पर कादंबिनी संस्थान के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं 1090 का जरूरत पड़ने पर उसका उपयोग करना चाहिए इस अवसर पर सभी महिलाओं एवं अतिथियों ने संकल्प लिया की बालिकाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करेंगे और असमान व्यवहार नहीं करेंगे कार्यक्रम में श्रीमती मनीषा जैन अमिता जैन शगुप्ता सहित अनेकों महिलाएं और किशोरी बालिका है उपस्थित थे

कांवड़ यात्रा का हुजूर विधानसभा में भव्य स्वागत

भोपाल 7 अगस्त (ए) चम्बल वेलफेयर एंड कल्चरल सोसायटी द्वारा कर्मश्री की 11 वी कांवड यात्रा का हुजूर विधानसभा में भव्य स्वागत किया गया। सोसायटी के संयोजक गुड्डू ;विष्णुद्ध भदौरिया ने बताया कि कांवड यात्रा के लिए दर्जनों स्वागत द्वारए स्टाल और भव्य पंडाल लगाए थे। जिसमें मुख्य रुप से सेमरीए चीचली बैरागढ़ए डी मार्टए नयापुरा बस स्टापए गुड शेपर्डए बीमाकुंजए सर्वधर्म पर भव्य स्टाल लगाए गए थे। पंडाल में कावडियों के स्वागतए जलपान एवं नाश्ते की व्यवस्था भी की गई थी। दोपहर 1 बजे जैसे ही कावड यात्रा ने कोलार क्षेत्र में प्रवेश किया समिति ने फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया। आयोजक गुड्डू ;विष्णुद्ध भदौरिया का कहना है कि मां नर्मदा का जल लेकर आ रहे कांवडियों की सेवा कर श्रद्धालुओं को भी पुण्य कमाने का अवसर मिल गया। जो लोग मॉ नर्मदा नही जा सकते उन्होने यही मॉ नर्मदा के दर्शन भी कर लिए। भदौरिया ने कांवडियों को प्रसादी वितरण कर उन्हें इसी तरह कांवड यात्रा में शामिल होने की अपील भी की।

संस्कृति की दिखी झलक.

चंबल वेलफेयर एंड कल्चरल सोसायटी द्वारा लगाए गए भव्य पंडालों में भारतीय संस्कृति को प्रदर्शित करती हुई झांकी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। चीचली बैरागढ में शिव. पार्वती की अद्भुत झांकी का प्रदर्शनण्ण् डी मार्ट पर मॉ काली और शिव नृत्यण्ण्ण् नयापुरा में देवी भजनण्ण्ण् गुड शेपर्ड में रहवासियों द्वारा तिलक लगाकर एवं फूल देकर कावडियं के स्वागत के साथ पानीए प्रसादीए और फलहारी फ्ल का वितरणण्ण्ण् बीमा कुंज पर बडे पंडाल में कलाकारों ने राम.सीताए लक्ष्मण एवं हनुमान दरबारए राधा. कृष्ण का मनमोहक नृत्य एवं शिव नृत्य की प्रस्तुति देकर कांवडियों का भव्य स्वागत किया। यहां भारतीय संस्कृतिए कलाए नृत्य की छटा देखने को भी मिली। पंडाल में चल रहे नृत्य में कलाकारों के साथ स्थानीय लोगों ने जमकर नृत्य किया।

पंडाल पर स्थित भीड ने कांवडियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वही चंबल वेलफेयर एंड कल्चरल सोसायटी के संयोजक गुड्डू ;विष्णुद्ध भदौरिया ने हुजूर विधायक एवं भाजपा उपाध्यक्ष रामेश्वर शर्मा का 25 किलो की भव्य माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक रामेश्वर शर्मा ने आयोजकों को कांवड यात्रियों के स्वागत पर उपस्थित हुए लोगो का आभार प्रदर्शित किया।

संयोजक गुड्डू भदौरियाए अतुल सक्सेनाए नेहरू शर्माए अभिषेक सोनीए अमर यादवए अरविंद व्यासए असलम खानए टीपी माईएए सुरेश शाक्यए राघव तिवारीए देवेन्द्र भदौरियाए रणवीर बघेलए अंशुल रघुवंशीए मुन्ना भदौरियाए केरन सिंह बरैयाए सुरेश राघवेन्द्र शुक्ला सहित बडी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

स्वास्थ्य विभाग में वेतन निर्धारण घोटाला को लेकर कर्मचारियों ने किया जोरदार प्रदर्शन

भोपाल 7 अगस्त (ए) बहुउद्देश्य स्वास्थ्य कर्मचारी कल्याण संघ मध्य प्रदेश के बैनर तले आज चिनार पार्क से प्रदेश भर से आकर स्वास्थ्य कर्मचारियों ने पर्यावास भवन तक निकाल कर आयुक्त कोष एवं लेखा को ज्ञापन सौंपा। प्रांतीय अध्यक्ष कल्याण सिंह ठाकुर के नेतृत्व में विशाल रैली निकाली गई। कल्याण सिंह ठाकुर एवं मीडिया प्रभारी राधेश्याम शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को शासन द्वारा स्वीकृत वेतनमान का निर्धारण विभाग द्वारा किया गया। परंतु संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा द्वारा वेतन का सत्यापन ना करते हुए मनगढ़त तरीके से निर्देश देकर गलत वेतन निर्धारण किया गया।

कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक कृषि, बस्तर संभाग, जगदलपुर (छ.ग.)

Ph.No.07782-222282/Fax-221881/Email-zmbastar.cg@nic.in

क्रमांक/भण्डार/वाहन नीलामी/2018-19/945 जगदलपुर, दिनांक 3/8/2018

निविदा सूचना

विभाग के निम्नांकित अनुपयोगी वाहन जहां है जैसे है जिस स्थिति में है, को विक्रय करने हेतु मोहरबंद निविदायें पंजीकृत डाक द्वारा दिनांक 31.08.2018 समय 3.00 बजे सायं तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें 31.8.2018 को दिन 4.00 बजे जो भी निविदाकार या उनके प्रतिनिधि उपस्थित होंगे उनके समक्ष खोली जायेगी।

क्र.	वाहन का नाम/क्रमांक	निविदा पत्र की राशि	अमानत की राशि	वाहन का निरीक्षण स्थल
1	2	3	4	5
1	डीजल जीप CG02-1127	50.00	3000.00	कार्या. सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी, धरमपुरा जगदलपुर
2	डीजल जीप CG02-8214	50.00	3000.00	कार्या. सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी, धरमपुरा जगदलपुर
3	डीजल जीप MP02-2857	50.00	5000.00	कार्या. अनुविभागीय कृषि अधिकारी जगदलपुर

निविदा की मुख्य शर्तें व जानकारियां :-

(1) निविदा प्रपत्र व शर्तों की जानकारियां दिनांक 27.8.2018 सायं 3.00 बजे या इससे पूर्व कार्यालयीन दिवस में रू. 50/- रूपये जाम कर प्राप्त किया जा सकते हैं। यह राशि वापसी योग्य नहीं होगी।

(2) निविदा प्रपत्र प्रत्येक वाहन हेतु अलग-अलग विक्रय किये जायेंगे।

(3) अमानत राशि बैंक ड्राफ्ट जो संयुक्त संचालक कृषि, (आंचलिक प्रबंधक) बस्तर संभाग, जगदलपुर को भारतीय स्टेट बैंक की कृषि विकास शाखा जगदलपुर में देय के नाम ही स्वीकार किये जायेंगे, नगद राशि स्वीकार नहीं की जायेगी, निविदा की अन्य शर्तें कार्यालय में देखी जा सकती है।

संयुक्त संचालक कृषि
बस्तर संभाग, जगदलपुर

जी-54261

भोपाल को नगर निगम एक तरफ सुंदर बनाने जा रही है पेड़ पौधों पर लाखों रुपए खर्च कर रही है और नगर निगम कार्यालय के सामने माता मंदिर चौराहे के पास जानवर पेड़ पौधों को खाए जा रहे है नगर निगम इस तरफध्यान नहीं दे रहा है ।

कार्यालय कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा
(जिला निर्माण समिति)

निविदा क्रमांक 09/ले.शा./का.अ./जि.नि.स./2018 दंतेवाड़ा दिनांक 4-8-2018

निविदा आमंत्रण सूचना

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्य के लिए प्रपत्र 'अ' में प्रशासन दर पर मुहर बंद निविदायें डी या उच्च श्रेणी में पंजीकृत एवं कार्य के अनुभवी ठेकेदारों से समय-सारणी अनुसार केवल स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय कार्यपालन अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी परियोजना खण्ड, जगदलपुर में आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा कार्यों में प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा जारी एस.ओ.आर. (भवन निर्माण) दिनांक 01.01.2015 तथा प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर का एस.ओ.आर. 07.02.2013 समस्त संशोधनों सहित लागू होगा। निविदायें निर्धारित तिथि को निविदाकारों के समक्ष जो उपस्थित रहना चाहें, खोली जायेगी।

समय-सारिणी

1.	निविदा हेतु आवेदन करने का तिथि	13.08.2018 सायं 5:30 बजे तक
2.	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु निविदा मूल्य जमा करने का तिथि	14.08.2018 सायं 5:30 बजे तक
3.	स्पीड पोस्ट द्वारा निविदा टिकाकार प्राप्त करने का अंतिम तिथि	17.08.2018 सायं 5:30 बजे तक
4.	निविदा खोलने की तिथि	18.08.2018 पूर्वाह्न 11:00 बजे से

कार्य का विवरण :-

क्र.	कार्य का नाम	कार्यस्थल	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि
1	टिकरेल कम पम्प हाउस निर्माण कार्य।	किरन्दुल	44.45	33337.00	750.00	02 माह

नोटः- निविदा से संबंधित विशेष शर्तें तथा अवलोकन कार्यालयीन समय में दिनांक 14.08.2018 तक कार्यालय कार्यपालन अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी परियोजना खण्ड जगदलपुर में देखे जा सकते हैं।

कलेक्टर
जिला दक्षिण बस्तर
दन्तेवाड़ा

जी-54279